हम एक ही परमेश्वर, सर्वशक्तिमान पिता, स्वर्ग और पृथ्वी के, और सब दृश्य और अदृश्य वस्तुओं के सृजनहार पर विश्वास करते हैं। और एक ही प्रभु यीशु म्रीष्ट पर, जो परमेश्वर का एकलौता पुत्र है, जो सब युगों से पहले पिता से उत्पन्न हुआ, परमेश्वर से परमेश्वर, ज्योति से ज्योति, सच्चे परमेश्वर से सच्चा परमेश्वर, जो उत्पन्न हुआ, बनाया नहीं गया, और पिता के साथ एक ही तत्व का है, जिसके द्वारा सब कुछ सृजा गया। उसने हम मनुष्यों के लिए और हमारे उद्धार के लिए स्वर्ग से उतरकर, पवित्र आत्मा और कुंवारी मरियम के द्वारा देहधारण किया और मनुष्य बना। वह हमारे लिए पुन्तियुस पिलातुस के दिनों में क्रूस पर चढ़ाया गया; उसने दुख उठाया और दफ़नाया गया। और पवित्रशास्त्र के अनुसार तीसरे दिन जी उठा, और स्वर्ग पर चढ़ गया, और पिता के दाहिने हाथ बैठा है। वह जीवितों और मृतकों का न्याय करने के लिए महिमा के साथ फिर आएगा, और उसके राज्य का अंत न होगा। और हम पवित्र आत्मा पर विश्वास करते हैं, जो प्रभु और जीवन का दाता है, जो पिता और पुत्र से निकलता है, जिसकी पिता और पुत्र के साथ आराधना और महिमा होती है, और जिसने भविष्यद्वक्ताओं के द्वारा बातें कीं। और हम एक, पवित्र, सार्वभौमिक और प्रेरितिक कलीसिया पर विश्वास करते हैं। हम पापों की क्षमा के लिए एक ही बपतिस्मा को स्वीकार करते हैं, और मृतकों के जी उठने और आने वाले युग के जीवन की प्रतीक्षा करते हैं। आमीन।